ज्ञानदीप

(त्रैमासिक सूचना पत्र)

भारतीय रेल सिविल इंजीनियरी संस्थान, पुणे - 411 001

आई. एस. ओ. : 9001 प्रमाणित भारतीय रेल का प्रथम प्रशिक्षण संस्थान

संस्थान - डी ओ टी (020) 26122271, 26123436, 26123680, 26127545, रेलवे - 5222, रेलवे - 5850

छात्रावास - डी ओ टी (020) 26130579, 26126816, 26121669, रेलवे 5896, 5897, 5898

फैक्स : 020-26128677

ई-मेल : mail@iricen.gov.in

टेलीग्राम : रेलपथ

वेब साइट : www.iricen.gov.in

वर्ष - 7 अंक - 28 अक्तूबर-दिसम्बर 2003

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन TO BEAM AS A BEACON OF KNOWLEDGE

अपने सभी पाठकों, सहयोगियों, शुभचिन्तकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।

इस अंक में

1) हमारे नए उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
2) राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 81 वीं बैठक
3) आइ एस ओ : 9001 प्रमाण पत्र
4) रेल पथ सेमिनार
5) विशेष पाठ्यक्रम
6) आई.पी.डब्ल्यू.ई.(आई.) के अंतर्गत गतिविधियां
7) वर्ष 2003 की समीक्षा
8) तिमाही में सम्पन्न/जारी पाठ्यक्रम
9) निकट भविष्य में आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण पाठ्यक्रम
10) पदोन्नति/स्थानांतरण/सेवानिवृत्ति

1 हमारे नए उप मुख्य राजभाषा अधिकारी -

भारतीय रेल इंजीनियरी सेवा के 1984 बैच के अधिकारी प्राध्यापक-पुल श्री सुधांशु शर्मा (चयन श्रेणी) ने दि.08-12-2003 से संस्थान के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।



श्री सुधांशु शर्मा

2 राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 81 वीं बैठक -

दिनांक 10-10--2003 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 81 वीं बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें दिनांक - 30-09-2003 को समाप्त तिमाही की हिंदी प्रगति की समीक्षा की गई।

3 आइ एस ओ : 9001 प्रमाण पत्र -

संस्थान की गुणवत्ता प्रणाली को 1994 संस्करण का आइ एस ओ 9001 : 2000 प्रमाण पत्र प्राप्त था। इसकी

संपादकीय

सातवें वर्ष का यह अंतिम अंक आपके कर-कमलों में सुशोभित है। किसी भी वर्ष का अंत आत्मपरीक्षण एवं समीक्षा का अवसर होता है। केन्द्रीयकृत प्रशिक्षण संस्थान अपना कार्य निष्पादन कैलेन्डर वर्ष के आधार पर प्रस्तुत करते हैं। यह 'ज्ञानदीप' का वार्षिक अंक है, जिसमें वर्ष भर की गतिविधियों तथा उपलब्धियों का विवरण समाहित है।

संस्थान में आइ एस ओ : 9001 के कार्यान्वयन से प्रशिक्षण के क्षेत्र में गुणवत्ता में आशातीत सुधार तथा उन्नति हुई है तथा हमने अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अपने प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का अभिकल्प करने में सफलता अर्जित की है। गुणवत्ता की प्राप्ति तथा उसे बनाए रखना एक सतत प्रक्रिया है। इस दिशा में हम उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है। हाल में हमें आइ एस ओ : 9001 का 2000 संस्करण प्राप्त हुआ है।

'ज्ञानदीप' को अधिक उपयोगी तथा आकर्षक बनाए रखने में आपकी प्रतिक्रियाएं/सुझाव हमारी सहायता करते हैं। कृपया अपने विचारों से हमें अवगत कराते रहिए।

नव वर्ष की शुभकामनाओं सहित विदा।

संरक्षक
बुध प्रकाश
निदेशक
भा.रे.सि.इं.सं., पुणे

मुख्य संपादक
सुधांशु शर्मा
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं प्राध्यापक - पुल

संपादक
विपिन पवार
राजभाषा सहायक
ग्रेड I

सहयोग
अरूण चांदोलीकर, सह प्राध्यापक
श्रीमती अरूणाभा ठाकुर, राजभाषा अधीक्षक
आर.जे.पाल, राभास II

श्रेणी वृद्धि के लिए दि. 09-12-2003 को मे. डेट नॉरस्के वेरिटास (डी एन वी), हॉलैंड ने लेखा परीक्षण किया तथा कोई भी कमी न पाने पर संस्थान को वर्ष 2000 संस्करण का आइ एस ओ 9001 प्रमाण पत्र प्रदान किया, जो दि. 09-12-2006 तक वैध है।

4 रेल पथ सेमिनार -

दि. 22 तथा 23 दिसंबर को वरिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी के अधिकारियों के लिए रेल पथ सेमिनार सम्पन्न हुआ, जिसमें 19 अधिकारियों ने भाग लिया। सेमिनार में विभिन्न रेल पथ विषयों पर फलदायी विचार-विमर्श सम्पन्न हुआ।

5 विशेष पाठ्यक्रम -

नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन के अनुरोध पर दि.1 से 12 दिसम्बर तक 'रेल पथ एवं पुल अनुरक्षण' पर उनके 9 इंजीनियरों के लिए एक विशेष पाठ्यक्रम चलाया गया।

6 आई.पी.डब्ल्यू.ई.(आई.) के अंतर्गत गतिविधियां -

इंस्टीट्यूशन ऑफ परमनेंट वे इंजीनियर्स (इंडिया) पुणे चैप्टर के तत्वावधान में आई.पी.डब्ल्यू.ई.(आई.) व्याख्यान मालाओं के क्रम में संस्थान में इस तिमाही में श्री ए. के. राय, प्राध्यापक (कार्य) द्वारा ''रेन वाटर हार्वेस्टिंग'' पर प्रस्तुतिकरण दिया गया।

7 वर्ष 2003 की समीक्षा -

केन्द्रीयकृत प्रशिक्षण संस्थान अपना कार्य निष्पादन कैलेन्डर वर्ष के आधार पर प्रस्तुत करते हैं। वर्ष 2003 का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

7.1 महत्वपूर्ण घटनाएं -

* पुणे में दि. 09 तथा 10 जनवरी 03 को इंस्टीट्यूशन ऑफ परमनेंट वे इंजीनियर्स (इंडिया) का राष्ट्रीय तकनीकी सेमिनार सम्पन्न हुआ। सेमिनार का विषय था -''मशीन एवं मानवीय अनुरक्षित सेक्शनों में रेल पथ अनुरक्षण पद्धतियों की इष्टता तथा नवीनतम प्रौद्योगिकी का अंगीकरण।'' इस सेमिनार का उद्घाटन माननीय रेल मंत्री श्री नीतीश कुमार जी द्वारा किया गया। दि. 09 जनवरी को माननीय रेल मंत्री जी तथा माननीय रेल राज्यमंत्री जी ने संस्थान का अवलोकन भी किया।
* संस्थान ने दि. 21मार्च को अपना 45 वां स्थापना दिवस मनाया। वर्तमान अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड तथा तत्कालीन महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे श्री आर. के. सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे।
* दि.03 अप्रैल को श्री बंडारू दत्तात्रेय जी, तत्कालीन माननीय रेल राज्य मंत्री ने संस्थान का अवलोकन किया।
* दि.16 अप्रैल को रेल सप्ताह समारोह मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के सर्वाधिक वृद्ध सेवानिवृत्त रेल सेवक पूर्व प्राचार्य 82 वर्षीय श्री पी. ओ. थॉमस को सम्मानित किया गया।
* दि. 05 मई को 'रेलों पर यांत्रिकीकृत चल इकाई के कार्यान्वयन' से संबंधित पहलुओं के गहन अध्ययन हेतु पुनर्गठित समिति की प्रथम बैठक संस्थान में सम्पन्न हुई।
* दि. 09 तथा 10 मई को संस्थान के निदेशक तथा संकाय अध्यक्ष ने 74 वीं पुल एवं संरचना मानक समिति की बैठक में भाग लिया।
* संस्थान का यह सौभाग्य रहा कि दि. 09 से 11 जुलाई तक संस्थान में रेल पथ मानक समिति की 74 वीं बैठक सम्पन्न हुई, जिसका उद्घाटन सदस्य इंजीनियरी द्वारा किया गया।
* दि. 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।
* दि. 15 से 19 सितम्बर तक 'राजभाषा सप्ताह' मनाया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।
* सदस्य इंजीनियरी ने दि. 01 अक्तूबर को संस्थान का अवलोकन किया तथा मुख्य पुल इंजीनियरों के सेमिनार को संबोधित किया।



(चित्र में बाएं से संस्थान के संग्रहालय का अवलोकन करते हुए अध्यक्ष रेलवे बोर्ड, पूर्व महाप्रबंधक, मध्य रेलवे श्री एस.पी.एस. जैन तथा निदेशक श्री बुध प्रकाश)

* अध्यक्ष रेलवे बोर्ड श्री आर.के. सिंह ने दि. 06 अक्तूबर को संस्थान का अवलोकन किया। आप संस्थान में प्रशिक्षण की सुविधाओं तथा उपलब्ध संसाधनों एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता से प्रभावित हुए।
* संस्थान में दि. 07 नवम्बर को सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता अपर सदस्य (सिविल इंजीनियरी) ने की।
* माननीय रेल राज्य मंत्री श्री बासनगौड़ा आर. पाटील जी ने दि. 16 नवम्बर को संस्थान का अवलोकन किया। आप संस्थान में उपलब्ध अद्यतन प्रशिक्षण सुविधाओं एवं दिए जा रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता से प्रभावित हुए।



(चित्र में संस्थान की प्रयोगशाला का अवलोकन करते हुए माननीय रेल राज्य मंत्री जी)

7.2 अकादमिक उत्कृष्टता -

* नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पुणे द्वारा वर्ष 2002-03 में राजभाषा के उल्लेखनीय कार्य के लिए संस्थान को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।
* कम्बोडिया, म्यांमार, लाओस, वियतनाम के 17 इंजीनियरों को 'सिविल इंजीनियरी संरचना पाठ्यक्रम' में प्रशिक्षित किया गया।
* उत्तर पश्चिम रेलवे पर संस्थान के संकाय सदस्यों द्वारा विशेष पाठ्यक्रम चलाया गया।
* परिवीक्षार्थियों को विभिन्न परियोजना स्थलों का अवलोकन कराया गया।

7.3 सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार -

इंटरनेट / रेलनेट पर पुस्तकालय प्रबंधन प्रणाली प्रारंभ की गई।

7.4 संरचनागत उन्नति -

7.4.1 संस्थान -

सभी कक्षाओं में एल सी डी प्रोजेक्टरों सहित आधुनिकतम शिक्षण सामग्रियों की व्यवस्था की गई।

7.4.2 छात्रावास -

खेलकूद की अतिरिक्त सुविधाएं देने के अलावा छात्रावास के रसोईघर में आटा गूंधने की आधुनिक मशीन लगाई गई है।

7.5 प्रकाशन -

निम्नलिखित 4 पत्रिकाओं के त्रैमासिक अंक नियमित रूप से प्रकाशित किए जा रहे हैं -

(1) ट्रैक एंड स्ट्रक्चर्स डाइजेस्ट (2) परमनेंट वे बुलेटिन (3) कंस्ट्रक्शन बुलेटिन (4) ज्ञानदीप

7.6 कार्य निष्पादन विवरण -

* वर्ष के दौरान कुल 723 अधिकारियों को प्रशिक्षण देकर 89% प्रशिक्षण क्षमता का उपयोग किया गया। 815 अधिकारियों को प्रशिक्षण देने की योजना थी।
* वर्ष के दौरान कुल 146 पाठ्यक्रम सप्ताह आयोजित किए गए।
* विशेष पाठ्यक्रमों का आयोजन कर निजी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के 33 तथा विदेशों के 17 इंजीनियरों को प्रशिक्षण दिया गया।
* वरिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी के अधिकारियों के लिए 4 सेमिनार आयोजित किए गए।

8 तिमाही में संपन्न/जारी पाठ्यक्रम -

सत्र क्र.	दिनांक		विषय	पाठ्यक्रम निदेशक	कुल अधिकारी
	से	तक			
312	04-08-03	17-10-03	समूह 'ख' अधिकारियों का समेकित पाठ्यक्रम	प्राध्यापक-रेल पथ -1	24
363	08-09-03	17-10-03	विदेशी रेलों के इंजीनियरों का विशेष पाठ्यक्रम	प्राध्यापक - पुल	17
352	29-09-03	10-10-03	पूर्व प्रतिबलित निर्माण पर विशेष पाठ्यक्रम	वरिष्ठ प्राध्यापक-कार्य	12
343	13-10-03	17-10-03	अवपथन जांच पड़ताल पर विशेष पाठ्यक्रम	वरिष्ठ प्राध्यापक - रेल पथ	18
373	13-10-03	17-10-03	सर्वेक्षण पर विशेष पाठ्यक्रम	प्राध्यापक-कंप्यूटर्स	09
314	03-11-03	16-01-04	समूह 'ख' अधिकारियों का समेकित पाठ्यक्रम	प्राध्यापक-रेल पथ - 2	18
325	03-11-03	27-11-03	वरिष्ठ व्यावसायिक पाठ्यक्रम (पुल एवं सामान्य)	वरिष्ठ प्राध्यापक- पुल	14
374	03-11-03	14-11-03	ठेके एवं विवाचन पर विशेष पाठ्यक्रम	प्राध्यापक-रेल पथ - 2	19
344	10-11-03	21-11-03	रेल पथ मशीनों के अनुरक्षण पर विशेष पाठ्यक्रम	प्राध्यापक-पुल	14
387	24-11-03	25-11-03	भारतीय रेल कार्मिक सेवा के परिवीक्षार्थियों का परिचयात्मक पाठ्यक्रम	प्राध्यापक-कंप्यूटर्स	05
326	01-12-03	16-01-04	वरिष्ठ व्यावसायिक पाठ्यक्रम (रेल पथ)	वरिष्ठ प्राध्यापक-कार्य	13
362	01-12-03	12-01-04	रेल पथ एवं पुल अनुरक्षण पर एन टी पी सी के लिए विशेष पाठ्यक्रम	प्राध्यापक-कंप्यूटर्स	09
402	15-12-03	06-02-04	वर्ष 2002 परीक्षा बैच के भारतीय रेल इंजीनियरी सेवा के परिवीक्षार्थियों का चरण 1 पाठ्यक्रम	वरिष्ठ प्राध्यापक-पुल/प्रशिक्षण	15
346	22-12-03	26-12-03	अवपथन जांच पड़ताल पर विशेष पाठ्यक्रम	प्राध्यापक-पुल	18
393	22-12-03	23-12-03	रेल पथ सेमिनार	वरिष्ठ प्राध्यापक -रेल पथ	19
386	29-12-03	31-12-03	भारतीय रेल यातायात सेवा के परिवीक्षार्थियों का परिचयात्मक पाठ्यक्रम	प्राध्यापक-कंप्यूटर्स	14

9 निकट भविष्य में आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण पाठ्यक्रम -

सत्र क्र.	दिनांक		विषय	अधिकारियों की कोटि
	से	तक		
411	02-02-04	16-04-04	समेकित पाठ्यक्रम	समूह 'ख'
421	02-02-04	27-02-04	वरिष्ठ व्यावसायिक पाठ्यक्रम (पुल एवं सामान्य)	चयन श्रेणी, अ.प्र.श्रे.
406	09-02-04	20-02-04	वर्ष 2001 परीक्षा बैच (समूह 1) के भारतीय रेल इंजीनियरी सेवा के परिवीक्षार्थियों की तैनाती परीक्षा	भा.रे.इं.से. (परि.)
461	09-02-04	13-02-04	सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए विशेष पाठ्यक्रम	राईट्स के इंजीनियर्स
471	23-02-04	05-03-04	प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष पाठ्यक्रम (पुल एवं निर्माण कार्य मॉड्यूल)	क्षे.प्र.के.के इंजी.प्रशिक्षक

सत्र क्र.	दिनांक		विषय	अधिकारियों की कोटि
	से	तक		
452	01-03-04	12-03-04	परियोजना प्रबंधन पर विशेष पाठ्यक्रम	चयन श्रेणी, अ.प्र.श्रे., प्र.वे.मा.
431	08-03-04	12-03-04	वरिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी के अधिकारियों का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	व.प्र.श्रे.
422	15-03-04	30-04-04	वरिष्ठ व्यावसायिक पाठ्यक्रम (रेल पथ)	चयन श्रेणी, अ.प्र.श्रे.
492	18-03-04	19-03-04	1977 बैच के अधिकारियों के लिए स्थापना दिवस सेमिनार	व.प्र.श्रे.
441	05-04-04	09-04-04	अवपथन जांच पड़ताल पर विशेष पाठ्यक्रम	रेल पथ अनुरक्षण में शामिल अधिकारी
442	12-04-04	16-04-04	लंबी झलाईकृत रेलों एवं कंक्रीट स्लीपर रेल पथ के अनुरक्षण पर विशेष पाठ्यक्रम	अ.प्र.श्रे. प्र.वे.मा. अ.वे.मा.
472	19-04-04	23-04-04	ठेकेदारों के इंजीनियरों के लिए विशेष पाठ्यक्रम	ठेकेदारों के स्नातक इंजीनियर्स
443	26-04-04	30-04-04	कांटे एवं पारकों पर विशेष पाठ्यक्रम	चयन श्रेणी, अ.प्र.श्रे. प्र.वे.मा.
412	03-05-04	16-07-04	समेकित पाठ्यक्रम	समूह 'ख' अधिकारी
454	03-05-04	21-05-04	अभिकल्प सहायकों के लिए पुल अभिकल्प पर विशेष पाठ्यक्रम	सहा.पुल इंजी., पुल अभि.सहा.
493	03-05-04	07-05-04	सेवानिवृत्त जांच अधिकारियों का सेमिनार	से.नि. जांच अधिकारी
444	10-05-04	14-05-04	रेल विभंजन तथा पराध्वनिक दोष संसूचक पर विशेष पाठ्यक्रम	अ.प्र.श्रे. प्र.वे.मा. अ.वे.मा.
473	17-05-04	28-05-04	ठेके एवं विवाचन पर विशेष पाठ्यक्रम	चयन श्रेणी, अ. प्र. श्रे., प्र. वे. मा.

10 पदोन्नति/स्थानांतरण/सेवानिवृत्ति -

* श्री एम. बाबू, मुख्य तकनीकी सहायक, समूह 'ख' सेवा में पदोन्नत होने पर दि. 21-07-2003 को संस्थान से स्थानांतरित होकर सहायक मंडल इंजीनियर (अनुरक्षण), वरोरा, मध्य रेल, नागपुर मंडल के पद पर कार्यरत हैं। उनके स्थान पर श्री जे. एम. पटेकरी, तकनीकी सहायक (प्रयोगशाला) ने दि. 14-08-2003 से मुख्य तकनीकी सहायक का पदभार ग्रहण कर लिया है।
* श्री बी. एस. कांबले, कार्यालय अधीक्षक -II,भंडार अनुभाग, दि. 18-07-2003 को संस्थान से स्थानांतरित होकर का. अ. II के रूप में सहायक मंडल इंजीनियर (अनुरक्षण) कार्यालय, मध्य रेल, पुणे मंडल में कार्यरत हैं।
* श्री वीरेन्द्र सिंह, तकनीकी सहायक दि. 24-09-2003 को संस्थान से स्थानांतरित होकर अवर इंजीनियर, रेल पथ, मंडल प्रशिक्षण केन्द्र, पश्चिम रेलवे, रतलाम मंडल के पद पर कार्यरत हैं। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में सेक्शन इंजीनियर, रेल पथ के रूप में कार्यरत श्री लव प्रकाश श्रीवास्तव ने दि. 16-09-2003 से संस्थान में तकनीकी सहायक का पदभार ग्रहण कर लिया है।
* श्री गणेश शंकर त्रिवेदी, छात्रावास अधीक्षक - III, इरिसेन, 42 वर्षों की दीर्घ सेवा के उपरांत दि. 31-08-2003 को सेवानिवृत्त हो गए, उनके स्थान पर श्री भीमनाथ गुणाजी घाटे, प्रधान रसोईया, मध्य रेल, मुंबई मंडल ने दि. 09-09-2003 से छात्रावास अधीक्षक - III का पदभार ग्रहण कर लिया है।

'ज्ञानदीप' परिवार संस्थान से स्थानांतरित/सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है तथा नवागंतुक कर्मचारियों का हार्दिक स्वागत करता है।

बधाई

* मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, भा. रे. इं. से. के वरिष्ठ सदस्य श्री सूर्यपाल सिंह जैन ने 30 नवम्बर 2003 को अपरान्ह भारतीय रेल के सिविल इंजीनियरी परिवार के मुखिया-सदस्य इंजीनियरी, रेलवे बोर्ड, एवं पदेन सचिव, भारत सरकार - का पदभार ग्रहण कर लिया है।
* दि. 31-12-2003 को संस्थान के सहायक कार्यकारी इंजीनियर -1 श्री अरुण चांदोलीकर की प्रवर वेतनमान में पदोन्नति के आदेश जारी हो गए।

ज्ञानदीप परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।

हमारी गुणवत्ता नीति

1. हम प्रशिक्षुओं की सक्षमता का विकास करने के लिए रेल प्रौद्योगिकी तथा रेलवे के विशिष्ट सिविल इंजीनियरी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देंगे।
2. हम ग्राहक संतुष्टि को केन्द्र में रखते हुए, सभी प्रमुख प्रक्रियाओं की पहचान, नियंत्रण तथा उन्नति के माध्यम से एवं अनुसंधान, अभिकल्प और मानक संगठन, रेलवे बोर्ड तथा क्षेत्रीय रेलों के साथ सतत विचार-विमर्श के माध्यम से हमारी सेवाओं की गुणवत्ता की छवि तथा प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करेंगे।
3. हम उपर्युक्त को प्राप्त करने के लिए, आधुनिकतम संरचनागत सुविधाएं तथा सक्षम कार्मिक उपलब्ध करायेंगे।
4. हम काम करने के ऐसे प्रेरक वातावरण की सृष्टि करेंगे, जहां प्रत्येक कर्मचारी अपना सर्वोत्तम योगदान देने के लिए प्रेरित हो।
5. हमारा आदर्श वाक्य है 'ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन देना'
6. सतत उपयुक्तता के लिए इस गुणवत्ता नीति की आवधिक समीक्षा की जाएगी तथा इसे समस्त कर्मचारियों के बीच संप्रेषित किया जाएगा।

हमारा विजन

रेल प्रौद्योगिकी तथा रेल विशेष सिविल इंजीनियरी क्षेत्रों में अत्यन्त सक्षम संकाय तथा कक्षाओं में सर्वोत्तम शिक्षण सहायक सामग्री और संरचनागत सुविधाओं के माध्यम से प्रशिक्षण देने में अग्रणी होना।

हम एक स्वतः पूर्ण संस्थान की परिकल्पना करते हैं, जो स्वतंत्र, लाभअर्जक शीर्ष केन्द्र के रूप में कार्यरत होगा। एक विपणन नीति को कार्यान्वित कर इसे प्राप्त किया जाएगा, जो भारतीय रेल एवं विदेशी संगठनों के साथ कार्य करने वाले निजी अभिकरणों के प्रशिक्षण से व्यापार प्राप्त करने पर केन्द्रित होगी।

हम तकनीकी तथा प्रबंधकीय दोनों क्षेत्रों में वृहत रूप में कंप्यूटरीकरण करेंगे तथा भारतीय रेल पर व्यवहृत पद्धतियों को अंतिम रूप देने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करेंगे, ताकि भारतीय रेल के सम्पूर्ण विजन को प्राप्त किया जा सकें।

सुधांशु शर्मा, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक, पुल, भारतीय रेल सिविल इंजीनियरी संस्थान, पुणे-1 द्वारा केवल सीमित निशुल्क वितरण हेतु प्रकाशित एवं मेसर्स **एम आर एंड कंपनी** 1552, चिमणबाग, सदाशिव पेठ, पुणे 411 030 फोन 2433 0449 द्वारा मुद्रित। (1000 प्रतियां)